तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 7 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ समाज की प्रगति में निभाएं भूमिका



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत पुलिस ग्राउंड खोखरा में आयोजन आज

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार 7 अक्टूबर को पुलिस ग्राउंड खोखरा जांजगीर में सेवा ज्योति यात्रा, विकसित भारत संकल्प सभा और सेवा के रंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं और आमजनों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा उपस्थित रहेंगी। वर्चुअल कार्यक्रम के बाद भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजनों की सहभागिता से सेवा ज्योति यात्रा बाइक रैली के रूप में निकाली जाएगी। रैली पुलिस ग्राउंड खोखरा से शुरू होकर कचहरी चौक, बीटीआई चौक, नेताजी चौक, शारदा चौक होते हुए ठाकुरदास नेबनदास दुकान से मुड़कर वापस कचहरी चौक स्थित सांस्कृतिक भवन पहुंचेगी, जहां समापन होगा।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल जिला स्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

जांजगीर-चांपा। छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल बुधवार 7 अक्टूबर को सक्ती में आयोजित जिला स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा के कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सहित जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, भाजपा के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस गरिमामयी कार्यक्रम सेवा ज्योति कलश यात्रा में बड़ी संख्या में सक्ती जिले के युवा, महिलाये व आम नागरिकगण शामिल होंगे।

कमरीद के नाले में मिली बुजुर्ग महिला की लाश

तनौद। कमरीद के नाले में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की लाश मिली है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कमरीद के शिवधाम मुहल्ला निवासी श्रीमती गंगा बाई गोंड पति द्वारिका गोंड, उम्र 65 वर्ष का शव गांव के नाले में डूबा हुआ मिला है। परिजनों के अनुसार गंगा बाई 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे घर से निकली थी। देर तक घर वापस न आने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। मंगलवार 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे परिजनों को नाले के ऊपर उनकी चप्पल दिखाई दी। शंका होने पर आसपास तलाश करने पर नाले के पानी में डूबी हुई मिली।घटना की सूचना परिजनों एवं ग्राम पंचायत कमरीद के सरपंच द्वारा थाना पामगढ़ में दी गई है।

अग्रवाल सेवा संघ की अग्र मैराथन आज अग्रसेन महाराज की होगी आरती

चांपा। स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वावधान में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के उपलक्ष्य में बुधवार 7 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे से स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से गौशाला मार्ग स्थित श्रीराम मंगलम भवन तक अग्र मैराथन यानि अग्रथान का आयोजन किया गया हैं। संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी एवं सचिव राज अग्रवाल ने बताया कि अग्र मैराथन में समाज के हर आयु वर्ग के पुरुष, महिलाएं, युवक युवतियाँ और बच्चे शामिल होंगे।

पीवी एप का पटवारी कर रहे बहिष्कार, शासन स्तर पर नहीं हो रही पहल

डिजिटल क्राप सर्वे का काम पखवाड़े भर से ठप, धान बेचने में हो सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासन के नए नियम के अनुसार जहां धान बेचने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे (डी सी एस) की अनिर्वायता की गई है, वहीं डिजिटल क्राप सर्वे में आधे खसरे के नहीं होने और इसके लिए पीवी एप के नए पचड़े का पटवारियों का विरोध के साथ बहिष्कार कर दिया है। ऐसे में बीते पखवाडे भर से डिजिटल क्राप सर्वे का काम ठप हो गया है। यही स्थिति रही तो डीसीएस नहीं होने वाले खसरे में किसानों का धान नहीं बिकेगा।

गौरतलब है कि शासन द्वारा इस बार डिजीटल क्राप सर्वे को अनिवार्य किया गया है। शासन के आदेश के अनुसार जिस खसरे का डिजिटल क्राप सर्वे हुआ होगा, उसी खसरे में किसानों का धान बिकेगा। जिस खसरे का डिजीटल क्राप सर्वे नहीं होगा, उसमें किसान धान भी नहीं बेच सकते है। इधर इसको लेकर पखवाडे भर पहले जिले में कमिश्नर और कलेक्टर ने खेतों का दौरा किया और डिजिटल क्राप सर्वे का काम समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए, लेकिन आंकडों के हिसाब से देखा जाए तो जिले में जितने खसरे है, उनमें से आधे का डीसीएस नहीं हुआ है। विभागीय



खेतों में तैयार होने लगी अर्ली वैरायटी धान की फसल।

सूत्रों के अनुसार जिले में कुल 12,67,256 खसरा दर्ज है। इसमें 61,255 शून्य रकबा वाले हैं, यानी वास्तविक खसरा 12,06,001 बचता है। लेकिन शासन स्तर से डी सी एस के लिए उपलब्ध कराए गए खसरों की संख्या सिर्फ 6,08,572 है, यानि आधे से भी कम। विभाग 5,75,848 खसरों का सर्वे कर 96 फीसदी काम पूरा होने का दावा कर रहा है, जबकि हकीकत में 6 लाख खसरे तो सिस्टम में ही नहीं आए। दूसरी तरफ फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए पीवी ऐप में कुल 2,35,680 खसरे दिए गए हैं। डी सी एस और पीवी ऐप दोनों को मिलाकर 8,44,252 खसरे कवर होते हैं। अब भी 3,61,749 खसरे ऐसे हैं जो न तो डी सी एस में हैं और न ही पीवी ऐप में। सवाल यह है कि इन 3.61 लाख खसरों के किसान धान कैसे बेचेंगे? इधर शासन के आदेश के अनुसार पटवारी को मौके पर जाकर हर खसरे का फोटो लेकर डी सी एस ऐप में अपलोड करना है, फिर सर्वर वेरिफाई करेगा और पटवारी अप्रूवल देगा। इस दोहरी प्रक्रिया ने मैदानी अमले की सिरदर्दी बढ़ा दी है। इस तरह की स्थिति को देखते हुए पटवारियों ने इस कार्य का बहिष्कार कर दिया है। जिसके चलते तकरीबन पखवाडे भर से जिले में डिजीटल क्राप सर्वे का का ठप पड गया है। बताया जाता है कि यह समस्या जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर की है। जिसके लिए राजस्व पटवारी संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन कर रहा है। इसके अलावा इस दोहरी प्रक्रिया ने मैदानी अमले की सिरदर्दी बढ़ा दी है। इस तरह की स्थिति को देखते हुए पटवारियों ने तो अपने हाथ खड़े कर दिए है। वहीं प्रदेश स्तर पर इसका बहिष्कार भी पटवारी संघ के पदाधिकारी कर रहे है।

फैक्ट फाईल

- कुल खसरा 12,67,256 शून्य रकबा वाला खसरा 61,255 वास्तविक खसरा 12,06,001
- डिजिटल क्रॉप सर्वे में कुल खसरों की संख्या 6,08,572अभी तक सर्वे हुए खसरों की संख्या 5,75,848
- पीवी ऐप्स में उपलब्ध कुल संख्या 2,35,680
- पीवी ऐप्स में उपलब्ध कुल संख्या 2,35,680

डीसीएस का बहिष्कार

डिजीटल क्राप सर्वे में आधे से अधिक खसरा नहीं है। इसके लिए फिजीकल वेरीफिकेशन करने पीवी एप में सर्वे कर जानकारी अपलोड करने का नियम बनाया गया है जो कि अभी कर पाना संभव नहीं है। पटवारी संघ द्वारा पीवी एप में सर्वे का बहिष्कार किया जा रहा है। इसके नाम से डीसीएस सर्वे भी नहीं हो पा रहा है। प्रदेश स्तर पर बहिष्कार हो रहा है। डीसीएस नहीं होने वाले खसरे में धान नहीं बिकेगा इसलिए शासन स्तर पर पहल होनी चाहिए।

-धर्मेन्द्र यादव
जिलाध्यक्ष, पटवारी संघ जांजगीर चांपा

करंट की चपेट में आया मजदूर दंपती, पति की मौत, पत्नी गंभीर

चाम्पा में मकान निर्माण के दौरान हुआ हादसा



घायल को अस्पताल ले जाते साथी मजदूर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

मकान निर्माण के दौरान मजदूर दंपती करंट की चपेट में आ गया। हादसे में पति की मौत हो गई। वहीं पत्नी को गंभीर हालत में बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चाम्पा के थाना चौक के पास की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महुदा निवासी रामनाथ और उनकी पत्नी लता कर्ष मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। पिछले कुछ दिनों से दोनों चाम्पा के थाना चौक के पास मेन रोड स्थित एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। मंगलवार 6 अक्टूबर को भी काम चल रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे दोनों सड़क के ऊपर से गुजरी 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करंट की चपेट में आने के बाद रामनाथ नीचे सड़क पर गिर गया, जबकि उसकी पत्नी लता को भी जोरदार झटका लगा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को बीडीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद 50 वर्षीय रामनाथ को मृत घोषित कर दिया। वहीं लता कर्ष का उपचार जारी है और उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। रामनाथ की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामवासी बड़ी संख्या में बीडीएम अस्पताल पहुंच गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद चांपा पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी है।

त्योहार से पहले खाद्य विभाग अलर्ट, मिठाई, तेल मसाले और आंगनबाड़ी के भोजन तक के लिए नमूने

सक्ती। दीपावली त्योहार से पहले बाजार में मिलावटी सामान की खपत रोकने खाद्य एवं औषधि विभाग ने जिले में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। टीम ने पिछले महीने नगरदा, बाराद्वार और सक्ती शहर में अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर होटल की मिठाई से लेकर आंगनबाड़ी के रेडी टू ईट तक के 20 से अधिक नमूने लिए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद अमानक पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

विभागीय सूत्रों के अनुसार अभियान की शुरुआत 7 सितंबर को ग्राम नगरदा से की गई। यहां कंवर होटल से समोसा और जलेबी तथा अंश चाट सेंटर से चाट मटर का नमूना लिया गया। 16 सितंबर को सिंदार होटल से कुकिंग ऑयल, नगरदा की बेकरी से पनीर तथा बाराद्वार के लक्ष्मी डिपार्टमेंटल स्टोर से हल्दी पाउडर और पैकेट बंद नमक के नमूने लिए गए। 18 सितंबर को सक्ती शहर के कन्हैया गर्ग दुकान से चीनी और



सफेद मटर, 22 सितंबर को जी-मार्ट से निरमा नमक, उड़द दाल गोटा और पांच प्रकार के मसालों के नमूने लिए गए। 29 सितंबर को टीम कचहरी वार्ड 14 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची, जहां से पांच प्रकार के रेडी टू ईट के नमूने लिए गए। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को परोसे जा रहे भोजन को मौके पर चखकर उसकी गुणवत्ता भी परखी। इसी दिन आर.बी. किराना से हरा मूंग दाल और चाय पत्ती का नमूना लिया गया। 30 सितंबर को श्याम होलसेल मार्ट से चीनी और मसूर दाल का सैंपल लिया गया।कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकानों में साफ-सफाई, स्टॉक और एक्सपायरी डेट की भी जांच की और व्यापारियों को जागरूक किया।

माघी पूर्णिमा की तर्ज पर लगेगा नवरात्रि-दशहरा मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

माघी पूर्णिमा की तर्ज पर शिवरीनारायण में नवरात्रि-दशहरा मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है।

गौरतलब है कि इस वर्ष नवरात्रि-दशहरा मेला का आयोजन 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक किया जा रहा है। वहीं मेले के दौरान पहली बार तीन दिवसीय भव्य शिवरीनारायण महोत्सव का आयोजन 14 से 16 अक्टूबर तक नगर पंचायत के सामने किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि-दशहरा मेला को माघी पूर्णिमा मेला की तर्ज पर अधिक भव्य, आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित स्वरूप देने की तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। मेले में व्यापारियों के लिए विभिन्न आकार के स्टॉल तैयार करवाए जा रहे हैं।



मेला ग्राउंड में चल रही तैयारी।

इस वर्ष मेले में पहली बार मौत का कुआं प्रमुख आकर्षण के रूप में शामिल होगा। इसके अलावा आकाश झूला, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, ड्रैगन झूला, ऑक्टोपस झूला सहित विभिन्न प्रकार के आधुनिक एवं आकर्षक झूले लगाए जाएंगे। साथ ही भव्य मीना बाजार, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं खान-पान के स्टॉल भी मेले में आकर्षण का केंद्र रहेंगे। पहली बार शिवरीनारायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मनोरंजक गतिविधियों के साथ माघी पूर्णिमा मेला की तर्ज पर विभिन्न प्रकार के व्यापारिक एवं दुकान स्टॉल लगाए जाएंगे। इधर दशहरा मेला अवधि में मांस, मछली, अंडा एवं अन्य नॉनवेज खाद्य सामग्री की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। नगर पंचायत द्वारा इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था एवं निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

जिला पंचायत सीईओ ने बिना कार्य कराए राशि आहरण पर पूर्व सरपंच को जारी किया कारण बताओ नोटिस

सक्ती। ग्राम पंचायत सलनी में पूर्व सरपंच टकेश्वर चन्द्रा के संबंध में प्राप्त शिकायत पर प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर बिना कार्य कराए राशि आहरण कर वित्तीय अनियमितता किए जाने के मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती आईएएस वासु जैन द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार विभिन्न कार्यों को बिना पूर्ण कराए कुल 16 लाख 76 हजार 389 रुपये की राशि आहरण कर व्यय किया जाना पाया गया है। उक्त राशि पूर्व सचिव लक्ष्मण बंजारे तथा वर्तमान सचिव श्रीमती संतरा सिदार के कार्यकाल में व्यय की गई है। जारी कारण बताओ नोटिस पत्र में संबंधित को पत्र प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में राशि की वसूली करते हुए नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

भवन निर्माण कार्य में अनियमितता, निष्पक्ष जांच की मांग

बिर्रा। ग्राम पंचायत बसंतपुर के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में अनियमितता का सामने आया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच के साथ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत बसंतपुर में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत सामुदायिक भवन स्वीकृत राशि 13 लाख रु कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत बसंतपुर के सरपंच और पंचायत सचिव के द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य करवाया गया है। किन्तु इस निर्माण कार्य में सरपंच एवं सचिव के द्वारा अनियमितता की शिकायतें सामने आई है। इसे लेकर ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अंदर के दीवार में पानी का सीलन लगा रहता है। साथ ही सामुदायिक भवन में 13 लाख की राशि खर्च किया गया है। बसंतपुर सरपंच मेलाराम चौहान का कहना है कि अगर ग्रामीण शिकायत कर रहे है तो इसकी जांच होनी चाहिए।

पुलिस लाइन और एसपी कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण

आईजी ने लगाया दरबार, बेहतर पुलिसिंग का दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने मंगलवार को जांजगीर - चाम्पा जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस दरबार लगाकर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी और बेहतर पुलिसिंग का मंत्र दिया। पुलिस लाइन में जिम और यातायात शाखा के जीर्णोद्धार भवन का उद्घाटन किया।

आईजी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट, अनुशासन एवं परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के बाद पुलिस



पुलिस जिम का अवलोकन करते आईजी रामगोपाल गर्ग।

दरबार का आयोजन किया गया। आई जी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रोत्साहित करते हुए थाना -चौकी में आने वाले पीड़ितों एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ उचित निराकरण करने और उनके साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।पुलिस अधीक्षक कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं के कार्यों की आई जी ने जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की जांच कर आवश्यक प्रविष्टियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। अनुकम्पा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरण, विभागीय भविष्य निधि, निर्माण कार्य, बजट, न्यायालयीन प्रकरण, निलंबित अधिकारी -कर्मचारियों से संबंधित मामलों तथा अपील एवं अवकाश प्रकरणों की समीक्षा की गई। थाना-चौकी से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान आईजी श्ने थाना चांपा का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. यूलैंडन यार्क, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार सहित जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारी एवं थाना-चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

19 मवेशियों की तस्करी मामले में आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



मवेशी तस्करी मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 7 भैंसी, 12 भैंस समेत 19 मवेशी जब्त किया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगाकोहरौद का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 19 मवेशी ग्राम बोरसी निवासी रामसागर महिलांगे उर्फ ढुलू उम्र 55 वर्ष अपने साथियों के साथ मवेशियों को मारते-पीटते तथा बिना चारा-पानी के हांकते हुए बिक्री के लिए ग्राम डोंगाकोहरौद की ओर ले जा रहा था। मामले की सूचना पर पामगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रामसागर महिलांगे को डोंगाकोहरौद को पकड़ा जिसको पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार किए जाने पर उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक राकेश सूर्यवंशी थाना प्रभारी पामगढ़, कविता टंडन, कृष्ण कुमार कोशले, राजेश कोशले, भुनेश्वर पटेल एवं सीताराम सूर्यवंशी का योगदान रहा।

खबर संक्षेप

शिक्षक राजेन्द्र को मिला शिक्षा ज्योति सम्मान



पंतोरा। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अभिनव शिक्षण प्रयोग एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए शासकीय अनुसूचित जाति कन्या आश्रम शाला पंतोरा,विकासखंड बलौदा, जिला-जांजगीर-चांपा में पदस्थ सहायक शिक्षक राजेन्द्र कुमार कंवर को विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर के अवसर पर प्रतिष्ठित 'शिक्षा ज्योति सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। शिक्षा ज्योति भारत द्वारा प्रदान किए गए सम्मान-पत्र में श्री कंवर के शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना की गई है। सम्मान संस्था की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र राठौर के हस्ताक्षर से प्रदान किया गया। राजेन्द्र कुमार कंवर द्वारा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने, बच्चों में सीखने की रुचि विकसित करने तथा गतिविधि आधारित एवं रचनात्मक शिक्षण के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मान प्राप्त होने पर श्री कंवर ने 'शिक्षा ज्योति भारत' परिवार, संस्थापक अर्चना शर्मा एवं जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र राठौर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं नवाचार के साथ कार्य करने की प्रेरणा है।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में सूर्या ने जीता स्वर्ण पदक



कटघोरा। सेजस सिंघिया के कक्षा 12वीं के छात्र सूर्या सिंह ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक (शॉट पुट) विधा में पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से कोरबा जिले के साथ-साथ बिलासपुर संभाग का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। जगदलपुर (बस्तर) में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सूर्या सिंह ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने आगामी राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए पंजाब में होने वाली प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। सूर्या की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल जगत एवं जिले के खेलप्रेमियों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय, कोच विशाल दुबे, प्राचार्य संगीता साव, जिला खेल अधिकारी झसेन्द्र गभेल, डीएसओ दीनू पटेल एवं आर.के. साहू तथा बीईओ दयाल सर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिश बने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ के संगठन सचिव



मड़वारानी। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा किसान प्रकोष्ठ के संगठन सचिव पद पर मड़वारानी निवासी हरिश साहू को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। हरिश साहू के संगठन सचिव बनने पर साहू समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही किसान समाज की समस्याओं को संगठन के माध्यम से उचित मंच तक पहुंचाने और किसानों के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई कि हरिश साहू के अनुभव एवं सक्रियता से किसान प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी और समाज एवं किसानों के हित में बेहतर कार्य होंगे।

सिरली में मनाई गई रानी दुर्गावती जयंती



हरदीबाजार। ग्राम पंचायत सिरली में वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत रानी दुर्गावती के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके साहस, शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा के अध्यक्ष रघुराज सिंह उइके ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रानी दुर्गावती के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में जनपद सदस्य चन्द्रपाल पटेल, लाखन सिंह उइके, चन्द्रशेखर मरावी, वीर सिंह पटेल, शिवनारायण, शनिराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया।

दो माह बाद भी शुरू नहीं हो सका आवासीय आदिवासी क्रीड़ा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप संभाग का पहला आवासीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर की शुरुआत खिलाड़ियों के चयन के दो माह बाद भी नहीं हो सकी है और न ही क्रीड़ा परिसर किस भवन में संचालित होगा उसके लिए भी भवन का चयन नहीं हो सका है। जबकि खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट संपन्न हुए दो माह का समय बीत चुका है। 40 स्थानों के लिए फिजिकल टेस्ट 10 अगस्त को लिया गया था, जिसमें 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें कितने खिलाड़ियों का चयन किया गया है उक्त सूची भी अभी लंबित पड़ी हुई है। हालांकि चयनित सूची क्रीड़ा विभाग के द्वारा तैयार कर ली गई है।

अब तक कहां होगा संचालन यह तय नहीं हुआ

खास बातें

- 10 अगस्त को 40 स्थानों के लिए लिया गया था खिलाड़ियों का फिजिकल टेस्ट



समीप के स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

आवासीय आदिवासी क्रीड़ा परिसर के लिए चयनित खिलाड़ियों को समीप के ही स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा। ताकि उनके रहने व खेलने के साथ पढ़ाई की भी सुविधा मिल सकेगी। किन्तु तिमाही परीक्षा का दौर गुजर चुका है और चयन परीक्षा में भाग लेने वाले खिलाड़ी स्कूलों में प्रवेश ले चुके हैं। हालांकि क्रीड़ा परिसर शुरू होने के बाद उन्हें उनकी शाला में ही प्रवेश की प्रक्रिया माना जाएगा।

प्रशासकीय स्वीकृति का भी मामला

इस मामले में यह भी जानकारी सामने आई है कि प्रशासन के द्वारा आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर शुरू करने के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारी करते हुए इसकी प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जो शासन के पास ही लंबित पड़ा हुआ है। क्रीड़ा परिसर के लिए व्यायाम शिक्षकों की भी मानदेय स्तर पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए बीपीएड, एमपीएड डिग्रीधारी स्थानीय शिक्षित बेरोजगारो को मौका दिया जाएगा।

पूजा समिति की बैठक लेकर दी गई जानकारी

नवरात्रि की तैयारी, पूजा पंडालों और गरबा-डांडिया के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आगामी 11 अक्टूबर से देशभर में शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए ऊर्जाधानी जिले में भी विभिन्न पूजा समितियों और गरबा-डांडिया आयोजकों द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में है। शहर के अलग-अलग स्थानों पर इस बार रास गरबा और डांडिया की खास धूम देखने को मिलेगी। इसके लिए पुलिस ने भी अपनी तैयारी शुरु कर दी है। पूजा समिति की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक फरमान जारी किया गया है साथ ही गरबा पंडाल पर पिंक पेट्रोलिंग की टीम लगातार नजर आएगी।

त्योहार के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और उनकी टीम सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत खाका तैयार करने में जुटी हुई है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में दुर्गा पूजा एवं गरबा-डांडिया समितियों की बैठक ले रहे हैं। बैठकों में आयोजकों को दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक पूजा पंडाल और गरबा स्थल पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य की गई है। साथ ही पिंक पेट्रोलिंग लगातार पंडालों में पेट्रोलिंग करेगी। अप्रिय घटनाओं को रोकने और भीड़ पर नजर रखने के लिए सभी पंडालों और आयोजनों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शांति व्यवस्था में सहयोग के लिए तैनात वॉलिंटियर्स को अनिवार्य रूप से आई कार्ड पहनना होगा। आयोजकों को अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों की लगातार जानकारी संबंधित थाना या चौकी को देनी होगी। सुरक्षा को और पुख्ता बनाने के लिए पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में विशेष पेट्रोलिंग टीमों की तैनाती की जा रही है, जो दिन-रात गश्त करेंगी। पुलिस प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने या हुड़दंग मचाने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा। पुलिस की इस सतर्कता और तैयारियों से जिलेवासियों में उत्साह है और लोग निर्भय होकर भक्ति और आनंद के साथ नवरात्रि पर्व मनाने के लिए उत्सुक हैं।



फाइल फोटो

पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट

नवरात्री पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तैयारी शुरु कर दी है। सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने अपने स्तर पर पूजा समितियों की बैठक ले रहे हैं। शासन के निर्देशों का पालन करने कहा जा रहा है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार फिल्ड में नजर आएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए पिंक पेट्रोलिंग गरबा पंडालों में तैनात रहेगी। पूजा समिति की वॉलिंटियर्स भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

-लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

महामृत्युंजय मंदिर में 44 वर्षों से चली आ रही ज्योति कलश स्थापना की परंपरा



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम कॉलोनी स्थित श्री श्री 108 श्री महामृत्युंजय मंदिर क्षेत्र में श्रद्धा और आध्यात्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। भगवान शिव के महामृत्युंजय स्वरूप को समर्पित इस मंदिर का शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को अद्भुत शांति का अनुभव कराता है।

मंदिर में पिछले 44 वर्षों से शारदीय नवरात्र के अवसर पर ज्योति कलश स्थापना की परंपरा चली आ रही है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी 11 अक्टूबर शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को नवरात्र के शुभारंभ के साथ मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। ज्योति कलश सीमित संख्या में प्रज्वलित किए जाएंगे, जिसके लिए श्रद्धालु पूर्व में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। मंदिर के वर्तमान पुजारी पंडित नागेश्वर पुरी गोस्वामी हैं। वे मंदिर के मुख्य एवं प्रथम पुजारी प्रहलाद पुरी गोस्वामी की तीसरी पीढ़ी से हैं तथा दिगम्बर अखिलेश पुरी महाराज, दशनाम नागा संन्यासी के शिष्य हैं। पीढ़ियों से चली आ रही प्रहलाद पुरी गोस्वामी द्वारा आरम्भ की गई मंदिर की पूजा-अर्चना एवं धार्मिक परंपरा आज भी निरंतर जारी है। शारदीय नवरात्र के दौरान माताजी की आरती प्रतिदिन सायं 7:30 बजे की जाएगी। नवमी तिथि के दिन सायं 5 बजे से हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 19 अक्टूबर, शुक्ल पक्ष नवमी को कन्या पूजन भी किया जाएगा। महामृत्युंजय मंदिर की 44 वर्षों से चली आ रही ज्योति कलश स्थापना की परंपरा आस्था, साधना और सनातन धार्मिक परंपरा की एक जीवंत कड़ी है। नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में दर्शन, आरती, ज्योति कलश एवं हवन-पूर्णाहुति का विशेष आध्यात्मिक वातावरण रहेगा।

लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर विपक्षी पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र में लगातार लचर विधुत व्यवस्था में सुधार की माँग को लेकर पंकज सिंग नरपाल से भेंट कर जल्द से जल्द अघोषित विद्युत कटौती बंद कराने, बिजली तारो की रिपेयरिंग एव जर्जर खंभो को बदलने की माँग का पत्र सौंपा गया है। मांग पत्र सौंपने के दौरान कहा गया है कि यदि जल्द से जल्द निराकरण नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेजप्रताप सिंह, पवन गुप्ता, संदीप डहरिया, मंडल अध्यक्ष यशपाल कंवर ने कहा कि बाँकीमोंगरा एवं कुसमुंडा क्षेत्र में समस्या तो अनेक हैं परंतु अभी जो सबसे बड़ी समस्या बनके आया है वो है बिजली की समस्या। आमजन बिजली की आँख मिचौली वाली स्थिति से परेशान हो गये है, मौसम ख़राब है तो एक बार आमजनमानस अपने मन को मना तो लेता है की चलो मौसम ख़राब है इस कारण हुआ है लेकिन बिन मौसम ख़राब हुए घंटों लाइट गोल कर देना यह कहा तक न्याय संगत है। इसके अलावा कुछ महीने पूर्व एक बैठक नगर पालिका बाँकीमोंगरा कार्यालय में रखी गई थी जिसमें बिंदुवार समस्याओं का एक महीने के अंदर निराकरण करने की बात हुई थी परंतु एक महीना बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण 7 दिवस के भीतर नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद।

नवविवाहिता की झुलसने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

कोरबा। विगत दिनों एक नवविवाहिता ने बच्चे को जन्म दिया था जिसके बाद वह घर में अलाव जलाकर आग ताप रही थी, जो संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई थी। जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामला पसान थाना क्षेत्र के अमलीकुंडा की है यहां निवासरत मीना लकड़ा उम्र 26 साल पति लालू 27 दिसंबर को घर में अलाव तापते समय संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई थी जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था।

बंदर मचा रहा था उत्पात, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मण्डल के हरदीबाजार क्षेत्र में पिछले करीब चार पांच दिनों से एक जंगली बंदर के लगातार उत्पात से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था, स्थानीय लोगों के अनुसार बंदर राह चलते लोगों, बच्चों और बड़ों को दौड़ाने के साथ उन्हें काटने की कोशिश कर रहा था, इस दौरान क्षेत्र में करीब 4 लोगों को बंदर द्वारा काटे जाने की जानकारी सामने आई, जिसके बाद लोगों में डर और बढ़ गया था।

बंदर के लगातार आक्रामक व्यवहार को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वनमण्डलाधिकारी कटघोरा जितेंद्र कुमार उपाध्याय के निर्देशानुसार उप वनमण्डलाधिकारी हितेश ठाकुर के मार्गदर्शन एवं पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी भोगेश्वर बंजारे के नेतृत्व में नोवा नेचर संस्था के जितेंद्र सारथी की टीम के सदस्य बबलू, राकेश एवं कमल मौके स्थल पर पहुंचे। रेस्क्यू के दौरान बंदर अचानक एक कमरे में प्रवेश कर गया, इसी मौके का फायदा उठाते हुए वन विभाग एवं नोवा नेचर की टीम ने पूरी सावधानी और निर्धारित रेस्क्यू प्रक्रिया का पालन करते हुए बंदर को सफलतापूर्वक जाल से पकड़ कर पिंजड़े में रखा गया फिर उसे प्राकृतिक रहवास जंगल में जाकर छोड़ दिया गया। बंदर के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।



पीएमश्री तिलकेजा में नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा-अनकही कहानियां कार्यक्रम के तहत 3 अक्टूबर को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी विद्यालय, तिलकेजा में नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने अभिनय और संवादों के माध्यम से सेवा, संकल्प, समर्पण एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अजय कंवर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमिता अनंत, कुलसिंह कंवर, श्रीमती प्रतिमा सोनवानी, किशन साव, उपसरपंच श्रीमती पदमा कौशिक, शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र वैष्णव अन्य जनप्रतिनिधि, पालक और शिक्षक शामिल हुए। नाटक में विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के कुल 946 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस मौके पर स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

अतिथि शिक्षकों की वॉक-इन इंटरव्यू 10 को

कोरबा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोरबा द्वारा दिशा प्रोजेक्ट के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों के अस्थायी नियोजन के लिए 10 अक्टूबर को वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान, गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों में एक-एक अतिथि शिक्षक का चयन किया जाएगा। इंटरव्यू के लिए पंजीयन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। दोपहर 12 बजे के बाद साक्षात्कार लिया जाएगा। आयोजन स्थल एसईसीबी, कोरबा स्थित हिंदी माध्यम विद्यालय निर्धारित है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, धीरज कुमार देवांगन (DHEERAJ KUMAR DEWANGAN), पिता श्री द्वारपाल देवांगन, निवासी वार्ड क्रमांक 09, मकान क्रमांक 057, अकलतरा, तहसील एवं थाना अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़), पिन कोड 495552, एतद् द्वारा सार्वजनिक रूप से सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व नाम धीरज कुमार देवांगन (DHEERAJ KUMAR DEWANGAN) था, जिसे परिवर्तित कर अब धीरज देवांगन (DHEERAJ DEWANGAN) कर लिया है।

भविष्य में मुझे मेरे नवीन नाम धीरज देवांगन (DHEERAJ DEWANGAN) से जाना एवं पहचाना जाए तथा समस्त शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों में मेरा नाम इसी अनुसार दर्ज किया जाए।

यह नाम परिवर्तन मेरे द्वारा स्वेच्छा से किया गया है। इस संबंध में मेरे द्वारा शपथ पत्र निष्पादित किया गया है।

स्थानः अकलतरा, छत्तीसगढ़
दिनांकः .....
धीरज देवांगन
पिता का नामः श्री द्वारपाल देवांगन
निवासीः वार्ड क्रमांक 09, मकान क्रमांक 057, अकलतरा
जिला जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) – 495552

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)
उपस्थिति सूचना
अपील रा.प्र.क्र. /31-70/2025-26
ग्राम- सेंदुरस, तहसील-भोथिया, जिला-सक्ती (छ.ग.)
श्री घनश्याम लाल पिता रामसेवक निवासी ग्राम सेंदुरस, तहसील-भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.).....अपीलार्थीनी
बनाम
01- सम्मेलाल पिता करनसाय
02- रामभरोष पिता मोतीराम
03- रामकृष्ण पिता मोतीराम
निवासी ग्राम-सेंदुरस. तहसील-भोथिया जिला-सिक्ती (छ.ग.).....उत्तरवादीगण

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम सेंदुरस, तहसील-भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.), को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीनी घनश्याम लाल पिता रामसेवक निवासी ग्राम सेंदुरस, तहसील-भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा तहसीलदार भोथिया के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202602312500016/अ-70/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 11.02.2025 के विरुद्ध अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में प्रस्तुत अपील प्रकरण उत्तरवादीगण की उपस्थिति के लिए नियत है। इस उपस्थिति सूचना के माध्यम से उत्तरवादीगण क्रमाक 01- सम्मेलाल पिता करन साय. 02 रामभरोष पिता मोतीराम 03 रामकृष्ण पिता मोतीराम सभी निवासी ग्राम सेंदुरस, तहसील-भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आप लोग प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 15/10/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुपस्थिति की स्थिति में आप लोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन शील मुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्ती
जिला-सक्ती (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पामगढ़
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
// नोटिस सूचना पत्र //
क्रमांक / 05 / वाचक/तह./2026
पामगढ़, दिनांक 6.10.26

प्रति, 1. कार्तिकराम
2.अलगू पिसरान सेवकराम सभी जाति सूर्यवंशी साकिन भदरा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग.

विषयः-न्यायालय में उपस्थिति बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्रं. 202609063100206/अ-6-अ/2025-26 पक्षकार दिलेराम बनाम कार्तिकराम वगैरह शासन साकिन भदरा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण दिलेराम पिता मयाराम जाति सूर्यवंशी साकिन भदरा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ०ग० के द्वारा धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदकगण के द्वारा ग्राम भदरा स्थित भूमि खसरा नंबर 640/5 रकबा 0.243 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि आवेदकगण के नाम पर सन 2008-09 से 2012-13 तक खसरा पांचसाला में दर्ज होते चला आ रहा था। उक्त भूमि का ऑनलाईन कम्प्यूटर में त्रुटिवश फिर से अनावेदकगण कार्तिकराम, अलगू पिसरान सेवकराम के नाम पर दर्ज हो गया है एवं उक्त ग्राम में इस नाम का कोई भी व्यक्ति नहीं रहता है। ग्राम भदरा स्थित भूमि खसरा नंबर 640/5 रकबा 0.243 हे. भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 13.10.26. को नियत किया गया है। उक्त पेशी दिनांक को अनिवार्य रूप से आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। अनुपस्थित होने की स्थिति मे आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

तहसीलदार
पामगढ़
जिला-जांजगीर चांपा (छ ग.)

नमो सेवा-अनकही कहानियां से मिली राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा

बच्चों की कला में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कला जब जनजागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश से जुड़ती है, तो उसका प्रभाव और व्यापक हो जाता है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (साडा) में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' विषय पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा और देश की विकास यात्रा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

संवाद, अभिनय और सामूहिक प्रस्तुति के जरिए विद्यार्थियों ने विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक बदलावों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की सहभागिता का संदेश दिया।



नुक्कड़ नाटक में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 13 वर्षों के कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास और जनकल्याण के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों को विषयवस्तु में शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वस्थ जीवनशैली, डिजिटल इंडिया, ऑनलाइन शासकीय सेवाओं, आयुष्मान भारत और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों को प्रभावी संवाद और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के साथ अंतरिक्ष मिशन, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सर्जिकल स्ट्राइक, नोटबंदी, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों में बदलाव, तीन तलाक से संबंधित कानून, कोविड-19 महामारी के दौरान किए गए प्रयास तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रसंगों को भी रचनात्मक ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने इन विषयों के माध्यम से देश की विकास यात्रा, सामाजिक बदलाव और नागरिक जिम्मेदारियों को सहज रूप में सामने रखा।

गौ सेवा के लिए वीरांगना सेवा समिति ने दी सहायता राशि

बाराद्वार। पितृ पक्ष पर मातृ नवमी के विशेष दिन जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति बाराद्वार द्वारा गौ सेवा के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सेवा धाम स्थित गौशाला में सहयोग राशि प्रदान की गई। समिति की सदस्याओं ने बीमार एवं असहाय गायों के समुचित उपचार हेतु 1100 रुपये तथा उनके सुरक्षित परिवहन के लिए पिकअप वाहन खरीदी में सहयोग स्वरूप 5100 रुपये की सहायता राशि भेंट की। समिति की वरिष्ठ सदस्य सुमन सिंह ने कहा कि पितृ पक्ष में गौ सेवा का विशेष महत्व माना गया है। समिति सचिव वंदना सिंह, कोषाध्यक्ष सीता सिंघल, रंजना अग्रवाल, पायल शर्मा, पद्मिनी वैष्णव, गायत्री जायसवाल, कविता बंसल, मीना आचार्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।



पोस्टपोन हुई 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। फैंस को फिल्म का और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। ये दूसरी बार है जब फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन किया गया है। पहले फिल्म को 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब फिल्म की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म को आगे बढ़ाकर 23 अक्टूबर कर दिया गया है। उड़ता तीर को 11 सितंबर को रिलीज किया जाना था।

लाइफ Style

जान्हवी

डीपफेक वीडियो पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' पर बनाए गए कथित एआई जनरेटेड अश्लील डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिना अनुमति महिलाओं की तस्वीरों और वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर प्रसारित किए जाने की आलोचना की। जान्हवी ने कहा कि तकनीक का इस तरह गलत इस्तेमाल महिलाओं की गरिमा और निजता का गंभीर उल्लंघन है।जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनकी इच्छा के बिना आपत्तिजनक कंटेंट में दिखाना बेहद गंभीर मामला है। अभिनेत्री ने ऐसे कंटेंट को तैयार करने और फैलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य यौन उत्पीड़न के समान है। जान्हवी ने कहा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह पेश करना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट तैयार कर उसे इंटरनेट पर फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल रचनात्मक काम के लिए किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी छवि का आपत्तिजनक इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं हैं।



हॉलीवुड मसाला



भारत की मेहमान नवाजी ने

जीता दिल

लॉस एंजेलिस। मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट बीते दिनों भारत यात्रा पर आए थे। यहां वे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' के इवेंट में भी शामिल हुए। अब मिस्टर बीस्ट ने भारत यात्रा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इस यात्रा को शानदार बताया है। अमेरिका के मशहूर यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों के जरिए अपनी भारत यात्रा की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और मशहूर भारतीय यूट्यूबर अजेय नागर और पायल धारे नजर आ रहे हैं।



एवेंजर्स- एंडगेम एनकोर फिर टॉप पर पहुंची फिल्म

लॉस एंजेलिस। हाल ही में सिनेमाघरों में फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' को 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' टाइटल के साथ दोबारा रिलीज किया गया। फिल्म ने देश में तो कोई खास कमाई नहीं की पर दुनियाभर में इसने खूब कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब यह फिल्म 'अवतार' को पछाड़कर कर दुनियाभर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'एंडगेम एन्कोर' को लेकर फिल्ममेकर्स ने कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हुई कि दर्शक एक बार फिर फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए कहा, 'हमारे लिए 'एवेंजर्सः एंडगेम' बनाने का सबसे पसंदीदा अनुभव यही था कि जब फिल्म रिलीज हुई, तब हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में बैठे थे।



हेली का 'इश्का-इश्का' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री हेली शाह की आगामी वेब सीरीज 'इश्का इश्का' रिलीज को लेकर तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार के गहरे, जुनूनी और डार्क पक्ष को उजागर करती है। ट्रेलर में आरोही (हेली), कबीर (सत्यजीत दुबे) और सुहानी (अनुष्का कौशिक) की कहानी दिखाई गई है, जो तीन जिंदगियां हैं और एक उलझे हुए इमोशनल रिश्ते में फंसी हुई हैं। ट्रेलर में मुख्य रूप से कबीर (सत्यजीत दुबे) नामक एक लेखक की कहानी दिखाई गई है, जो दो अलग-अलग रिश्तों के बीच फंस जाता है। सुहानी (अनुष्का कौशिक) उसके जीवन में स्थिरता और विश्वास लेकर आती है लेकिन तभी उसके अतीत से आरोही (हेली) की वापसी होती है। हेली शाह इस सीरीज में 'आरोही' का एक बेहद अप्रत्याशित और गहरा किरदार निभा रही हैं।



सल्लू की 'मातृभूमि' को मिली एनओसी

मुंबई। सलमान खान की आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच 2020 में हुए सैन्य टकराव की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है। सरकार की आपत्तियों के बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म का संशोधित वर्जन सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंपा था। मंत्रालय को नए वर्जन पर कोई आपत्ति नहीं रही, जिसके बाद फिल्म को एनओसी दे दी गई। अब फिल्म की रिलीज के लिए अगला महत्वपूर्ण चरण सीबीएफसी की मंजूरी है। अगर 13 नवंबर की तारीख तय होती है तो फिल्म दिवाली के बाद सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

टीवी मसाला

विनर घोषित होने पर भावुक हुए अविनाश

मुंबई। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान किया तो एक्टर भावुक हो गए।



बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की। अविनाश के ट्रॉफी जीतने के साथ ही इस सीजन का अंत हो गया। ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप रहे। विनर के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान रोहित शेट्टी ने किया। अपना नाम सुनते ही वे रोने लगे। इसके बाद अविनाश ने अपनी इस कामयाबी के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी से कहा कि पिछले दस वर्षों में उन्हें कई किरदारों के लिए नॉमिनेट किया गया। वे कई अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए, लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सच में कोई अवॉर्ड जीता।

मेरी कोई बेनामी संपत्ति नहीं



मुंबई। आयकर विभाग की छापेमारी के सप्ताहभर बाद सोमवार को रुकल प्रीत सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। रकुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि वे पूरी ईमानदारी से टैक्स भरती हैं। वे एक जिम्मेदार नागरिक हैं। साथ ही सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। रकुल प्रीत सिंह के हालिया पोस्ट में उनका दुख छलका है। उन्होंने कुछ ऑनलाइन रिपोर्टर पर बिना तथ्यों के खबरों की सनसनी बनाने का आरोप लगाया है। रकुल ने आईडी रेड को लेकर लिखा है, 'वह तलाशी मेरे बारे में नहीं थी। मैं बताना चाहती हूं कि मैं आर्म्ड फोर्सेज (सशस्त्र बलों) की पृष्ठभूमि से आती हूं। इंडस्ट्री में मेरा कोई 'गॉडफादर' नहीं था। मैंने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है और कानून का पालन करने वाले एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर 20 साल की उम्र से ही अपने टैक्स भरती आ रही हूं'।

ऋचा ने 2026 को नहीं माना कंटेंट सिनेमा का साल

मुंबई। अगस्त में रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' को जल्द सिनेमाघरों में दो महीने पूरे होने वाले हैं। इन दो महीनों में यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सक्सेस पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। एक्ट्रेस का मानना है कि साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है। अभिनेत्री ने 2026 को कंटेंट के लिए लैंडमार्क साल मानने की बात से असहमति जताई। ऋचा ने कहा, 'अगर यह 'हनुमान अंश' के संदर्भ में है, तो वह अलग बात है। इस साल और क्या चला है। 'ऑब्सेशन' हॉलीवुड की फिल्म है, इसलिए हम उसकी तुलना अपनी फिल्मों से नहीं कर सकते। ऋचा ने आगे कहा, 'पौराणिक फिल्में वैसे भी अच्छा करती हैं। धार्मिक या पौराणिक चीजें सभी के लिए सुरक्षित होती हैं। ये तो लोग देखते ही हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि कुछ अच्छा हो रहा है।

'सत्यवान सावित्री' की नई डेट का ऐलान

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश और डायरेक्टर मिश्किन की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी।

एआई से मेरी तस्वीरों में न करें बदलाव

मुंबई। नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के जरिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ या बदलाव नहीं करने की अपील की है। एक्ट्रेस ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को उसी मूल रूप में इस्तेमाल किया जाए। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब सेलिब्रिटीज की एआई जनरेटेड तस्वीरों, डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। यामी गौतम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए मीडिया से खास तौर पर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान खींची गई उनकी तस्वीरों को एआई की मदद से बदलने, सुधारने या किसी अन्य तरीके से एडिट करने से बचा जाए। यामी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मीडिया से उनका विनम्र अनुरोध है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को एआई के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही किया जाना चाहिए।



इस सप्ताह ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन भरपूर खजाना

मुंबई। सिनेमाघरों में 'दृश्यम 3' लगी हुई है। इस हफ्ते भी थिएटर में कॉमेडी का तड़का लगाने 'उड़ता तीर' की आमद होगी । मगर, ओटीटी पर भी खजाना भरपूर मिलेगा। इस हफ्ते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परिणीति चोपड़ा की इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर से लेकर तमिल भाषा की एक्शन फिल्म तक, कई शानदार विकल्प रहेंगे।

सुपर बूमी : यह एक एनिमेटिड सीरीज है, जो 5 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह पारिवारिक मनोरंजन सीरीज है। इसमें बूमी और उसके दोस्तों ने अपनी एक वर्चुअल गेमिंग दुनिया बनाई है, जहां उनका सामना नई-नई चुनौतियों और एडवेंचर्स से होता है।

मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



बिलो : यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है।

'रिपोर्टिंग लाइव' : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 9 अक्टूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 9 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट: अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।

एनिमल्स : यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 9 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेरार्डो मेंडेज हैं।

स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे : टॉम हॉलैंड अभिनीत मार्वल्स की 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भी इस वीक ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे 6 अक्टूबर 2026 से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

समर्थ गुरु धारा साधना केंद्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव



चांपा। समर्थ गुरु धारा साधना केंद्र , चांपा के शुभारंभ का एक वर्ष पूर्ण होने पर 4 अक्टूबर को वार्षिकोत्सव समारोह बड़ी ही श्रद्धा , उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। साधना केंद्र का भव्य शुभारंभ सर्वप्रथम गुरु समर्थ के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित मित्तल गार्डन , कोरबा रोड चांपा में मनोज कुमार मित्तल के दिशा-निर्देश पर किया गया। मनोज कुमार ने बताया कि एक वर्ष की इस अनवरत आध्यात्मिक यात्रा के दौरान केंद्र से लगातार नए साधक जुड़ते रहे हैं और प्रत्येक सप्ताह सत्संग एवं ध्यान का लाभ अर्जित कर रहे हैं। योग ध्यान शिविर के विषय में प्रमुख कैलाश राय सिंह और मनोज कुमार मित्तल ने सहयोगी लेखक शशिभूषण सोनी को बताया कि समर्थ गुरू धारा के छत्तीसगढ़ राज्य संयोजक हैं और उनके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से लगभग 170 साधकों ने सद्गुरु समर्थ औलिया के दिव्य दर्शन किए तथा मुरथल धाम में सिद्धार्थ ध्यान योग एवं सत्संग का लाभ प्राप्त कर ओंकार को जानने का आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।

आंगन मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए जनपद अध्यक्ष जांगड़े



राहौद। ग्राम पंचायत मेहंदी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चारों आंगनवाड़ी केंद्रों के संयुक्त तत्वावधान में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रंजना मानेश जांगड़े अध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि संतोषी साहू उपाध्यक्ष भाजपा मंडल पामगढ़रहे।कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं आंगनवाड़ी सेवाओं के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प एव शपथ दिलाया गया। इस मौके पर ,जनपद अध्यक्ष रंजना मानेश जांगड़े द्वारा चारों आँगन बाड़ी के बच्चों के लिए खिलौने,पानी बाटल एवं चाकलेट वितरण किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोषी सुखसागर अजगल्ले सरपंच मेहंदी श भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता चंद्राम जांगड़े, दीनदयाल बर्मन, दीपेंद्र खटकर, यशवंत केसी पंचगण,आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अनुपमा अग्रवाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , सहायिकाएं, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

गौ माता सम्मान आह्वान पर मईनका मंदिर में कार्यक्रम आयोजित



पामगढ़। गौ माता सम्मान आह्वान के विषय में नगर पंचायत पामगढ़ के मां मईनका दाई मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राजस्थान से आए हुए महाराज भरत का अमृत वचन आशीर्वाद मिला उन्होंने गौ माता और नंदी बाबा की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और आने वाले 17 दिसंबर को रायपुर जाकर अपना-अपना प्रार्थना पत्र रूपी हस्ताक्षर कॉपी को एक साथ पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को राजधानी जाकर के प्रार्थना पत्र सौंपने का आहवान किया।इस मौके पर क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग माताएं इस बैठक में शामिल हुए जिसमें प्रमुख रूप से श्याम बिहारी तिवारी, मनोज दुबे, नरेंद्र पांडेय, पंकज, नीलेश,तिजू कश्यप, धरम लाल कश्यप, हरि कश्यप, अनमोल योगी, आस्था तिवारी के साथ क्षेत्र के गौ सेवक मुकेश कश्यप, साहिल यादव,अनमोल, जस्सू रोहन विश्वास शामिल थे।

घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले एम्बुलेंस चालक को किया सम्मानित

अकलतरा। घायल, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए निरंतर सेवा कार्य कर रही मां कर्मा एम्बुलेंस सेवा के संचालक पारस साहू एवं उनकी टीम को पुलिस विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने पारस साहू को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके मानव सेवा कार्यों की सराहना की।पारस साहू ने बताया कि उनकी टीम का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को इलाज के लिए समय पर अस्पताल पहुंचाना है। एक फोन कॉल पर घायल एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए टीम तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि प्राप्त सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि मानव सेवा में सहयोग करने वाले पूरी टीम के सदस्यों एवं शुभचिंतकों का सम्मान है।इस अवसर पर उन्होंने एसडीओपी अकलतरा मेखलेंद्र प्रताप सिंह एवं थाना प्रभारी अकलतरा जय कुमार साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी वे निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के कार्य को जारी रखेंगे।



हाईस्कूल मैदान में 25 सितंबर से चल रहा उपनिषद ज्ञानामृत

तन संसार में, मन भगवान में रखो यही सच्चा कर्मयोग : रासेश्वरी देवी





प्रवचन सुनाती रासेश्वरी देवी तथा ज्ञानामृत सुनने उमडी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में चल रही उपनिषद ज्ञानामृत प्रवचन श्रृंखला के बारहवें दिन सोमवार को जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका रासेश्वरी देवी ने कर्मयोग का वास्तविक अर्थ समझाया। उन्होंने कहा कि वेदों में ईश्वर प्राप्ति के तीन मार्ग बताए गए हैं - कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग। शरीर से वर्णाश्रम धर्म का पालन करने से केवल नश्वर स्वर्ग मिलता है, जबकि धर्म और ईश्वर को नकारने वालों को नरक भोगना पड़ता है। सच्चा कर्मयोग वह है जब शरीर से संसार के कर्तव्य पूरे किए जाएं और मन निरंतर भगवान में लगा रहे।देवी जी ने कहा कि संसार को हमारा मन नहीं, व्यवहार चाहिए, जबकि भगवान को हमारा काम नहीं, मन चाहिए। इसलिए शरीर संसार में और मन भगवान में लगाना ही कर्मयोग है। अर्जुन ने कुरुक्षेत्र में युद्ध किया लेकिन मन श्रीकृष्ण में रखा, इसीलिए उनका कर्म भी कर्मयोग बन गया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय जैसे वर्ण शरीर के हैं, आत्मा का परम धर्म केवल परमात्मा की भक्ति है। अनन्य भक्ति में यदि सांसारिक धर्म छूट भी जाए तो भगवान उसे अपराध नहीं मानते।कार्यक्रम 25 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चल रहा है। प्रवचन के साथ 4 से 8 अक्टूबर तक रोज सुबह 7.30 से 9 बजे तक रूप ध्यान साधना सत्र भी आयोजित किया जा रहा है। इसके पूर्व सोमवार 5 अक्टूबर को रासेश्वरी देवी ने अज्ञानता के कारण मनुष्य राम-कृष्ण और शिव में भेद करता है। यह अज्ञानता अनंत जन्मों का मैल है। गुरु केवल ज्ञान नहीं देता, पहले अज्ञानता का मैल धोता है।उदाहरण देते हुए कहा गया कि पक्षी का बच्चा स्वयं पंख नहीं खोल सकता, उसकी मां उसे उड़ना सिखाने के लिए बार-बार घोंसले से धक्का देती है। उसी प्रकार जीव स्वयं मोह नहीं छोड़ सकता। संसार की आसक्ति छुड़ाने और भगवान में अनुराग बढ़ाने के लिए गुरु का धक्का अनिवार्य है। इसे लेकर उपस्थित लोगों को प्रवचन दिया गया। प्रवचन सुनने को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है।

शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ समाज की प्रगति में निभाएं भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सतनामी समाज में एकता, भाईचारा और संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से 4 अक्टूबर को सर्किट हाउस, जिला पंचायत रोड जांजगीर में जिला स्तरीय सामाजिक बैठक एवं सत्संग सम्पन्न हुआ। इस बीच धर्म गुरू ने शिक्षा संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ समाज की प्रगति में भूमिका निभाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

सतनाम धर्म महासभा भारतवर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु एवं राजागुरु बालदास साहेब तथा उनके द्वितीय पुत्र धर्मगुरु सोमेश बाबा का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। धर्मगुरुओं ने सामाजिक एकता, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, नशामुक्ति और रीति-नीति के संरक्षण पर मार्गदर्शन दिया तथा समाज को मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। सोमेश बाबा ने युवाओं को शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ समाज की प्रगति में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन गुरु प्रतिनिधि विजय डहरिया ने किया। इस दौरान लगभग 100 समाजजनों ने सतनाम धर्म महासभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण की।कार्यक्रम में कोर ग्रुप सदस्य डॉ. लक्ष्मण भारती रायपुर, बसंत अंचल बिलासपुर, जितेंद्र पाटले बिलासपुर, डॉ. पुष्पेंद्र लहरें जांजगीर, चंद्रशेखर बंजारे दुर्ग, इंजीनियर आनंद प्रकाश मिरी रायपुर, हिरावन बंजारे दुर्ग, एसएन शिव कटघोरा, डॉ. मोहन सेंडे कोरबा, सुक्रिया कुर्रे कोरबा, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

विज्ञान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक चन्द्रा को नागार्जुन पुरस्कार

सक्ती। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्य करने के लिए शाउमावि झालरौंदा के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा को राज्य अलंकरण के नागार्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सुरेश अग्रवाल उपस्थित रहे। इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण से जोड़ते हुए विज्ञान को सरल और रोचक बनाने का प्रयास किया जाता है। साथ ही विद्यार्थियों एवं समुदाय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा अंधविश्वास एवं रूढ़ियों को दूर कर वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना उनके कार्य का प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान मॉडल, रोबोटिक्स, नवाचार एवं विभिन्न विज्ञान गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान किया है।

गीता ज्ञान से सुखद व संतुलित जीवन जीने डाला गया प्रकाश



श्रीमद् भागवत गीता सुनने पहुंचे लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्रभु अनुराग भवन भाठापारा कोटमीसुनार में 4 से 10 अक्टूबर तक आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता का सार, सुखद जीवन का आधार आध्यात्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस गीता सार प्रवक्ता एवं राजयोग शिक्षिका बीके शशिप्रभा ने श्रीमद्भगवद्गीता के आध्यात्मिक रहस्यों को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाते हुए सुखद जीवन जीने की कला पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि श्रेष्ठ कर्म, आत्म-जागरूकता, शांति और संतुलित जीवन का मार्गदर्शन देने वाला आध्यात्मिक ज्ञान है। गीता के संदेश को जीवन में अपनाने से विचारों, कर्मों और व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।प्रथम दिवस कर्म, अकर्म एवं विकर्म तथा कर्मयोग की महत्ता समझाई गई। साथ ही राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मन को शांत और एकाग्र करने की विधि बताई गई। कार्यक्रम के आगामी दिनों में परमात्मा का बोध एवं दिव्य अवतरण, विभूति योग, सृष्टि का अनादि सत्य एवं कल्पवृक्ष कथा, ज्ञानयोग, राजयोग सहित विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं श्राद्ध मास एवं पितृ तर्पण की आध्यात्मिक भावना तथा पूर्वजों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और शुभ भावना के महत्व को भी सहज रूप में समझाया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक प्रभु अनुराग भवन, भाठापारा, कोटमीसुनार में आयोजित हो रहा है। आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ कोटमीसुनार, बिलासपुर द्वारा किया जा रहा है।

जीवन निर्वाह भत्ता समिति की मासिक बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



जीवन निर्वाह भत्ता समिति (पेंशन) जे एस डब्लू महानदी पावर प्लांट नरियरा के भूविस्थापित 8 ग्रामों के सदस्यों का मासिक बैठक संपन्न हुआ जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में इस माह का पेंशन सिर्फ एस बी आई बैंक के खाताधारकों के में पेंशन आना व अन्य बैंक के खाताधारकों के खाते में पेंशन के न आने को लें कर विस्तृत चर्चा हुई, इसके साथ ही बहुत दिनों से लंबित भूविस्थापित किसानों के बहुप्रतीक्षित मांग प्लांट द्वारा परिवार बीमा करवाने के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई, तीसरे विषय में पेंशन को आजीवन दिए जाने को ले कर चर्चा हुई। इस दौरान सभी कर्मचारियों की तरह पेंशन धारियों को रोजगार के बदले दिए जाने वाले जीवन निर्वाह भत्ता जो हर माह दिया जाता है उसके साथ दीपावली में बोनस की भी मांग रखी गई। पूर्व में प्लांट के द्वारा सभी 8 भूविस्थापित आश्रित ग्रामों में एंबुलेंस डॉक्टर सहित स्वास्थ शिविर लगाकर परीक्षण एवं दवाई वितरण की सुविधा दी जाती थी जो किसी कारणवस अब बाधित है जिसे पुनः सर्व सुविधाओं के साथ आश्रित ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ किये जाने, कंपनी के निर्धारित स्कूलों में भूविस्थापितों के बच्चों की फीस तो दे ही रहे है उसके अलावा अन्य स्कूलों में अध्ययनरत भूविस्थापित किसानों के बच्चों की फीस देने, समिति के बैठक में कई भूविस्थापित सदस्यों के नॉमिनी बदलने, पति पत्नी को अलग अलग कार्ड बना हो तो अलग अलग पेंशन देने सहित बहुत से प्लांट संबंधित समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

युवाओं के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने का विशेष अभियान

मालखरौदा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 17+ आयु वर्ग के युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए चलो वोटर बनें विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 5 से 31 अक्टूबर तक संचालित होगा। अभियान के तहत 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए पात्र युवाओं को फॉर्म-6 भरना होगा। इसके अलावा अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क कर भी फॉर्म-6 भरवाया जा सकता है। ऐप के जरिए भी फॉर्म-6 भरने और आवेदन की स्थिति ट्रैक करने की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही ईएलसी यानी निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

देवी की पूजा तभी सफल होगी जब समाज में होगा नारी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



महामाया अध्यात्म परिषद का मासिक सत्संग आयोजित हुआ छत्तीसगढ़ की काशी, माता शबरी की धाम एवं त्रेता युगीन दंडकारण्य तीर्थ क्षेत्र खरौद में महामाया आध्यात्म परिषद द्वारा लगातार 14 वर्षों से मासिक सत्संग का आयोजन माह के प्रथम रविवार को होते आया है। प्रथम रविवार 4 अक्टूबर को मां महामाया के मंदिर में यह सत्संग आयोजित हुआ।

सर्वप्रथम मां महामाया की पूजा अर्चना की गई। उद्बोधन के क्रम में नीलम यादव पार्षद ने कहा कि देवी के नौ रूप हम नारी शक्तियों में ही है। सभी रूपों में नारि सम्माननीय है। देवी की पूजा तभी सफल है जब समाज में नारियों का सम्मान हो। सुमित्रा आदित्य ने कहा कि भगवान भोलेनाथ कृष्ण के रास में नारि बनकर पहुंच गए पर बंशी की धुन अपनी सभी सुध बुध भूल गए। धनसाय यादव ने राम जन्म के समय राम जी के दर्शन के लिए शिवजी एवं कागभुसुंडि के छद्म वेश धारण करने के प्रसंग का वर्णन किया। हेमलाल यादव गुरु जी ने पितृपक्ष में पितरों को जल तर्पण एवं उनकी पूजा करना आवश्यक बताया। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि यादव ने कहा कि भजन से सभी पाप कर जाते हैं किंतु गुरु को मनुष्य मानना, भगवान की मूर्ति को पत्थर या धातु मानना, चरणामृत को साधारण जल मानना, महाप्रसाद को अन्न मानना, एवं भगवान के भक्तों में जाति भेद के रूप में देखना।ये पांच अपराध भजन से भी नहीं कटते। आज के कार्यक्रम में कार्यक्रम में सीताराम ,रमाबाई, लक्ष्मीबाई ,मंटोरा, सरहीबाई,धन बाई, प्रियंका, पुष्पा, सोन कुवर, कीर्तन मति, मंगली बाई, मनटोरा, गुरबारी ,सरही बाई, प्रियंका ,द्वासिनबाई, दुलौरिन, भूरी बाई, फगनीबाई , छठ बाई, गंगा मति, सीताबाई ,रामप्यारी, गंगाबाई, आरती बाई, नेहा, वृंदाबाई, देवचरण आदित्य, छोटी बाई देवांगन, जानकीबाई साहू,नर्मदा यादव, त्रिवेणी यादव, मदालसा यादव, भगवती साहू ,भगवती यादव, लाला साहू एवं सरहाराम आदित्य उपस्थित रहे।

गांधी के जीवन, विचारों और आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रगति साहित्य समिति द्वारा बगड़िया भवन में 'वर्तमान संदर्भ में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांधीजी के जीवन, विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान सामाजिक परिवेश में उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। गोष्ठी में विधायक राघवेंद्र सिंह सहित लक्ष्मण मुकीम, सतीश दीवान, दीप्ति रोहित सारथी, केडी वैष्णव, लव सिंह चंदेल, रविंद्र सिंह बैस, राकेश विश्वकर्मा, रमेश सोनी, राजेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एवं महेश बनाफर ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव, सामाजिक समरसता और मानवता के सिद्धांत आज भी समाज को शांति एवं सौहार्द का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया तथा देश के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छेदी शर्मा ने किया। वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने आभार व्यक्त किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के गौरव एवं संगीता के सहयोग से गांधीजी के जीवन पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसके माध्यम से उपस्थित लोगों को उनके जीवन एवं संघर्ष की झलकियां देखने को मिलीं। इस अवसर पर रोहित सारथी, आर.के. पांडेय, जयंत सिंह, बल्ली पांडेय, दिलेश्वर साहू, रमाकांत सिंह, पंकज भारती, पप्पू लावनिया, दीपक साहू, अविनाश साहू, शैलेंद्र श्रीवास, सीता टंडन, दिलीप बघेल, अनिल सिंह सहित लोग शामिल हुए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले जनप्रतिनिधि, कौशल्या जन्मभूमि को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



जांजगीर एवं सक्ती जिले के जनप्रतिनिधियों ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात की। इस बीच माता कौशिल्या के जन्मभूमि को लेकर उनसे चर्चा की।

ज्ञात हो कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव से उनके रायपुर स्थित निवास पर गुलाब सिंह चंदेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा एवं गुरु दयाल पाटले प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा द्वारा सौजन्य भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। पिछले महीने किरण सिंह देव की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिससे उनके शरीर में अंदरुनी चोटें आई थीं, बेहतर उपचार के लिए वे लंबे समय तक दिल्ली में रहे। स्वास्थ्य बेहतर होने के पश्चात वे कुछ दिनों पहले ही रायपुर लौटकर आए हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को आशीर्वाद स्वरूप माता कौशल्या जन्मभूमि कोसला धाम का चित्र भेंट करते हुए प्रभु श्रीराम माता कौसल्या से उनके बेहतर स्वास्थ्य की मंगलमय कामना कि गई। साथ ही माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला के विषय पर गुलाब सिंह चंदेल ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ के समीप स्थित कोसला धाम प्रभु श्रीराम का ननिहाल माता कौसल्या की पावन जन्मभूमि है, जगतगुरु श्रीरामभद्राचार्य ने शास्त्र सम्मत इसका वर्णन किया है। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विषय पर पूर्व में मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के साथ चर्चा हुई है और निश्चित रूप से आगे इस पर बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने इसके लिए सभी लोगों के प्रयास की सराहना भी की। साथ ही कोसला धाम की सौ पृष्ठों की एतिहासिक पुस्तक भी प्रदेशाध्यक्ष को भेंट की गई। इस अवसर पर गुलाब सिंह चंदेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा जांजगीर-चांपा, कृष्णकांत चंद्रा संगठन प्रभारी कोरबा, गुरु दयाल पाटले प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा, आयुष शर्मा जिला पंचायत सदस्य, गौरव तिवारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विकास, योजनाओं व मूलभूत सुविधाओं पर ग्राम सभा में चर्चा

फगुरम। ग्राम पंचायत फगुरम में सर्वसम्मति से ग्राम सभा का आयोजन रखा गया था। बैठक में गांव के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी आशुतोष अनंत, सरपंच श्रीमती सावित्री वर्मा, उपसरपंच विनोद पांडेय, शत्रुघन साहू, महेंद्र टंडन, भानु प्रताप गवेल उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने गांव की प्रमुख समस्याओं तथा विकास कार्यों को लेकर अपने सुझाव साझा किए। नोडल अधिकारी एवं सरपंच ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वार्ड पंच नरेंद्र वर्मा, लेखराम बघेल, दुजे टंडन, कुमार टंडन, लालू यादव, खेम सिंह राठौर, सिध्दांत पांडे, गौतम वर्मा उपस्थित थे।

